A

Booklet Serial No.

# 10/CME/M–2025-02

पुस्तिका शृंखला

**A**

प्रश्न–पुस्तिका

## सामान्य हिन्दी

पत्र – II

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

समय : 01 घण्टा

पूर्णांक : 100

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न–पुस्तिका में कुल **50** प्रश्न हैं।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको उत्तर पत्रक प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिया गया है। **अपने उत्तर पत्रक के निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक लिखें एवं कूटबद्ध करें तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
5. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न–पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि प्रश्न–पुस्तिका के ऊपर बायीं ओर मुद्रित शृंखला एवं उत्तर पुस्तिका पर मुद्रित शृंखला समान है। कृपया यह भी जाँच लें कि पुस्तिका में रफ कार्य हेतु दो पृष्ठ (पृष्ठ सं. 11 और 12) सहित पूरे 12 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ या प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तर पुस्तिका में मुद्रित शृंखला में अन्तर तो नहीं है। पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. पत्रिका ले लें।**
6. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न–पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
7. इस प्रश्न-पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर — (A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा।
8. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं — Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक** वृत्त को **काली/नीली स्याही के बॉल–पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल–पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट–कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
9. प्रश्न–पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न–पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न–पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
10. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
11. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षा कक्ष को छोड़ें।

A

**निर्देश (प्रश्न संख्या 1 से 5 तक) :** निम्नलिखित वाक्यों को सावधानी से पढ़ने के बाद अशुद्ध अंश की पहचान करके (A), (B), (C) में से त्रुटि से संबंधित अक्षर को उत्तर पत्रक में लिखिए । अगर कोई त्रुटि नहीं है, तो (D) के माध्यम से सूचित कीजिए ।

1. यह मगध देश की भाषा (A) / होने के कारण इसका नाम (B) / मागधी पड़ गया । (C) / कोई त्रुटि नहीं (D)

2. हमारा कर्तव्य है कि (A) / दुखियों की सहायता (B) / की जाए । (C) / कोई त्रुटि नहीं (D)

3. अभंग एक प्रकार का (A) / मराठी छंद (B) / होता है । (C) / कोई त्रुटि नहीं (D)

4. सब चिंता (A) / दूर होने से (B) / मन शांत हो गया । (C) / कोई त्रुटि नहीं (D)

5. उस वन में (A) / प्रात: काल के समय (B) / बहुत ही सुहावना दृश्य होता था । (C) / कोई त्रुटि नहीं (D)

**निर्देश (प्रश्न संख्या 6 से 10 तक) :** निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों के लिए (A), (B), (C) और (D) के सामने अलग-अलग शब्द दिए गए हैं । इनमें से शुद्ध शब्द को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

**6.** कवियित्री

(A) कवियत्रि

(B) कवयित्री

(C) कवीयत्री

(D) कवियत्री

**7.** पूज्यनीय

(A) पूज्जनीय

(B) पुजनीय

(C) पुजनीयों

(D) पूजनीय

**8.** अनुग्रहीत

(A) अनुग्रृहीत

(B) अनुग्रहित

(C) अनुगृहीत

(D) आनुग्रहित

**9.** दुसाध्याय

(A) दुसाध्य

(B) दुसाध

(C) दुसाध्यय

(D) दुस्साध्य

**10.** अंताक्षरी

(A) अंताक्षारी

(B) अंत्याक्षरी

(C) आंतक्षरी

(D) अंतक्षरी

**निर्देश (प्रश्न संख्या 11 से 20 तक) :** यहां दस वाक्य दिए गए हैं । प्रत्येक वाक्य में चार विकल्प हैं । इनमें से जो शुद्ध वाक्य हो, उसके लिए निर्धारित (A), (B), (C) और (D) में से कोई एक उत्तर के रूप में उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

**11.** इस बात के कहने में किसी को संकोच न होगा ।

(A) यह बात कहने में किसी को संकोच न होगा ।

(B) इस बात के बोलने में किसी को संकोच न होगा ।

(C) यह बात को कहने में किसी को संकोच न होगा ।

(D) इस बात को कहने में किसी को संकोच न होगा ।

**12.** कई रेलवे के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई ।

(A) रेलवे के कई कर्मचारियों की गिरफ्तारियां हुई ।

(B) कई रेलवे के कर्मचारी गिरफ्तार हुए ।

(C) कई रेलवे के कर्मचारी की गिरफ्तारियां हुई ।

(D) रेलवे के कई कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई ।

**13.** गोदान प्रेमचंद की एक श्रेष्ठ उपन्यास है ।

(A) गोदान एक श्रेष्ठ उपन्यास है प्रेमचंद का ।

(B) गोदान प्रेमचंद का एक श्रेष्ठ सर्वोत्तम उपन्यास है ।

(C) प्रेमचंद का श्रेष्ठ उपन्यास है गोदान ।

(D) गोदान प्रेमचंद का एक श्रेष्ठ उपन्यास है ।

**14.** हल्का सा हवा का झोंका आया ।

(A) हवा का झोंका हल्का सा आया ।

(B) हल्का सा झोंका हवा का आया ।

(C) आया झोका हवा का हल्का सा ।

(D) हवा का हल्का–सा झोंका आया ।

**15.** उसने केवल दस रुपए ही पाकर संतोष कर लिया ।

(A) उसने दस रुपए पाकर संतोष ही कर लिया ।

(B) उसने केवल दस रुपए पाकर ही संतोष कर लिया ।

(C) उसने केवल दस रुपए ही पाकर संतोष ले लिया ।

(D) उसने दस रुपए ही पाकर संतोष कर लिया ।

**16.** वहां भारी–भरकम भीड़ जमा थी ।

(A) वहां पर भारी–भरकम भीड़ जमा थी ।

(B) वहां भारी भीड़ लगी थी ।

(C) वहां से भारी–भरकम भीड़ इकट्ठा थी ।

(D) वहां भारी–भरकम भीड़ एकत्र थी ।

**17.** हम में एकता ना होकर देश टुकड़ों में बँट जाएगा ।

(A) हम में एकता ना होकर देश टुकड़ों में बँट जाता ।

(B) हम में एकता ना होती देश टुकड़ों में बँट जाता ।

(C) हम में एकता ना होगी तो देश टुकड़ों में बँट जाएगा ।

(D) हमें एकता ना होती तो देश टुकड़ों में बँट जाता ।

**18.** आपका पत्र सधन्यवाद मिला ।

(A) आपका पत्र धन्यवाद सहित पहुंचा ।

(B) आपका पत्र धन्यवाद सहित मिला ।

(C) आपका पत्र मिला । सधन्यवाद ।

(D) आपका पत्र मिला । धन्यवाद ।

**19.** वे सब कालचक्र के पहिए के नीचे पिस गए ।

(A) वे सब काल–चक्र के नीचे पिस गए ।

(B) वे सब कालचक्र के पहिए के नीचे घिस गए ।

(C) वे सब काल के नीचे पिस गए ।

(D) वे सब कालचक्र के पहिए के नीचे पीसे गए ।

**20.** वह धन का लालची है, फिर वह साधु नहीं है ।

(A) वह धन का लालची है, वह साधु नहीं है ।

(B) वह धन का लालची है, फिर भी वह साधु नहीं है ।

(C) वह लालची है, फिर वह साधु नहीं है ।

(D) उसे लालच है, फिर भी वह साधु नहीं है ।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 21 से 25 तक) :** निम्नलिखित प्रत्येक वाक्य में एक शब्द रेखांकित है । प्रत्येक रेखांकित शब्द के लिए (A), (B), (C) और (D) के सामने एक-एक शब्द लिखा गया है । इनमें से रेखांकित शब्द से अर्थ की दृष्टि से उपयुक्त विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

**21.** <u>मुकुर</u> देख राधा मुस्काई ।

(A) कृष्ण

(B) पुष्प

(C) सखी

(D) आरसी

**22.** उपवन के पुष्पों में <u>परिमल</u> है ।

(A) ताजगी

(B) सुवास

(C) भंवरा

(D) पराग

**23.** "विश्व के <u>नीरव</u> निर्जन में जब करता हूं बेकल, चंचल, मानस को कुछ शांत ।"

(A) क्षुद्र

(B) निःशब्द

(C) निष्पत्ति

(D) नीरज

**24.** "<u>उत्थान</u> – पतन है नियम प्रकृति का"

(A) उत्कर्ष

(B) उत्साह

(C) उपासना

(D) उदारता

**25.** <u>कालिंदी</u> किनारे तमाल के वृक्ष हैं ।

(A) गंगा

(B) सरोवर

(C) सागर

(D) यमुना

**निर्देश (प्रश्न संख्या 26 से 30 तक) :** निम्नलिखित तत्सम शब्दों के लिए चार-चार विकल्प (A), (B), (C) और (D) दिए गए हैं । इनमें से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

**26.** अंबुधि

(A) आग

(B) कमल

(C) बादल

(D) सागर

**27.** अवगत

(A) रुकावट

(B) विदित

(C) दीनता

(D) पतन

**28.** अली

(A) बिजली

(B) भंवरा

(C) सखी

(D) धुरी

**29.** उत्ताप

(A) कष्ट

(B) खुदाई

(C) उल्टा

(D) श्रेष्ठ

**30.** अवलंब

(A) असमर्थ

(B) सहारा

(C) अगम्य

(D) तुरंत

**निर्देश (प्रश्न संख्या 31 से 35 तक) :** निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

**वह** अपने पति का स्थान छोड़ने पर प्रस्तुत न होगी, वह भी मेरा मन जानता था और उस बालक के बिना उसका जीवन कितना **दुर्वह** हो सकता है यह भी मुझे छिपा न था । फिर नौ साल के कर्तव्यपरायण घीसा की गुरु-भक्ति देखकर उसकी मातृ-भक्ति के संबंध में कुछ संदेह करने का स्थान ही नहीं रह जाता था और इस तरह घीसा वहीं और उन्हीं कठोर परिस्थितियों में रहा, जहां क्रूरतम नियति ने केवल अपने मनोविनोद के लिए ही उसे रख दिया था ।

**31.** "दुर्वह" शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) भूख

(B) असहनीय

(C) भाषा

(D) भाग्य

**32.** "वह" कौन है ?

(A) घीसा की मां

(B) लेखिका स्वयं

(C) गांव की स्त्री

(D) लेखिका की परिचारिका

**33.** "घीसा" की कौन–सी विशेषता, लेखिका को, उसे अपने साथ ले जाने से रोकती है ?

(A) मातृभक्त

(B) कर्तव्यपरायण

(C) वाचाल

(D) अभिमानी

**34.** उपर्युक्त अवतरण का उपयुक्त शीर्षक क्या हो सकता है ?

(A) मनोविनोद के साधन

(B) घीसा

(C) गुरु–भक्ति

(D) कठिन समय

**35.** घीसा किसके मनोविनोद का साधन था ?

(A) नियति

(B) लेखिका

(C) उसकी मां

(D) साथी बच्चे

**निर्देश (प्रश्न संख्या 36 से 40 तक) :** निम्नलिखित मुहावरों के लिए (A), (B), (C) और (D) के सामने अर्थ दिए गए हैं । इनमें से उपयुक्त अर्थ को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

**36.** ढोल में पोल

(A) धोखे में डालना

(B) बड़ों में दुर्गुण

(C) अधिक खर्च करना

(D) प्रचार करना

**37.** घास छीलना

(A) मरम्मत करना

(B) जगह साफ करना

(C) व्यर्थ समय गंवाना

(D) खूब मिलजुल कर रहना

**38.** अंगूठे पर मारना

(A) परवाह न करना

(B) अस्त व्यस्त करना

(C) अचानक घात करना

(D) सावधान हो जाना

39. ऊंट के मुंह में जीरा

(A) रेगिस्तान में फंसना

(B) टालमटोल करना

(C) पराजित होना

(D) अपर्याप्त वस्तु

40. कच्ची गोटी खेलना

(A) भाग जाना

(B) चापलूसी करना

(C) कड़ा मुकाबला करना

(D) असफल प्रयास करना

**निर्देश (प्रश्न संख्या 41 से 45 तक) :** निम्नलिखित वाक्य या वाक्यांश के लिए चार-चार शब्द दिए गए हैं । इनमें से उपयुक्त शब्द को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

41. लौट कर आया हुआ

(A) पथ प्रदर्शक

(B) प्रत्यागत

(C) पारलौकिक

(D) प्रहरी

42. जिसके हृदय में ममता नहीं है

(A) निर्मम

(B) निर्दय

(C) उद्धत

(D) नास्तिक

43. जो मोक्ष चाहता हो

(A) ऋषि

(B) मुमुक्षु

(C) तपस्वी

(D) अमर

44. जिसे पृथ्वी से सम्बद्ध है

(A) प्राकृतिक

(B) पार्थिव

(C) अमर

(D) सात्विक

45. देखने योग्य

(A) दर्शनीय

(B) सुंदर

(C) सरसिज

(D) पारदर्शी

**निर्देश (प्रश्न संख्या 46 से 50 तक) :** निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्द के लिए (A), (B), (C) और (D) के सामने अलग-अलग शब्द लिखे हुए हैं । इन शब्दों में से उपयुक्त विलोम शब्द को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

**46.** कौसानी की नैसर्गिक सुषमा मन मोह लेती है ।

(A) कृत्रिम

(B) निर्जन

(C) विजाति

(D) साफ

**47.** ऋषि की बातों में गूढ़ रहस्य छिपे हैं ।

(A) महत्वपूर्ण

(B) लघु

(C) अगूढ़

(D) प्रकट

**48.** कोणार्क मंदिर वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण है ।

(A) शुक्ल

(B) सुंदर

(C) निष्ठुर

(D) निकृष्ट

**49.** समाज के विकास के लिए भ्रष्टाचार का उन्मूलन आवश्यक है ।

(A) अनुपजाऊ

(B) नष्ट

(C) शुष्क

(D) रोपण

**50.** गौतम बुद्ध अनासक्त थे ।

(A) आसक्त

(B) उदार

(C) निष्कपट

(D) कृपालु

रफ़ कार्य के लिए स्थान

रफ़ कार्य के लिए स्थान